Venus world school

Academic session 2021-2022(SA-1)

विषय – हिंदी **कक्षा - छठी**

अंक -५० **समय – १घंटा ३०मिनट**

सामान्य निर्देश- 1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

2- सभी प्रश्नों का क्रमानुसार उत्तर लिखिए

3- इस प्रश्न पत्र में चार खंड है क ख ग

खंड (क) अपठित गद्यांश

प्रश्न 1- निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए? (६अंक)

व्यक्ति के जीवन में हार-जीत ,सफलता-असफलता,लाभ- हानि,यश-अपयश,मान- अपमान आदि सभी होते हैं। जीवन में सुख के बाद दुख आता है और दुख के बाद सुख भी आता है। यदि व्यक्ति का मन दुख और असफलता से निराश हो जाए तो वह उन्नति नहीं कर सकता क्योंकि किसी कार्य की सफलता में मन की सफलता की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है । यदि प्रतिकूल स्थितियों मैं भी मन स्थिर रहता है तो स्थितियां अपने आप अनुकूल बन जाती हैं इसलिए हमें कभी निराश होकर हार नहीं माननी चाहिए।

प्रश्न 1- व्यक्ति के जीवन में क्या-क्या होता है?

प्रश्न 2- जीवन में सुख के बाद और दुख के बाद क्या आता ?

प्रश्न 3- व्यक्ति कब उन्नति नहीं कर सकता?

प्रश्न4- प्रतिकूल स्थितियां अनुकूल कैसे बनती ?

प्रश्न 5- प्रतिकूल स्थितियों में मन की स्थिरता से क्या होता है?

प्रश्न 6- उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखें

प्रश्न 2- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अंक ४)

वह चिड़िया जो
कंठ खोल कर
बूढ़े बन बाबा की खातिर
रस उड़ेल कर गा लेती है
वह छोटी मुंहबोली चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूं
मुझे विजयन से बहुत प्यार है।

१-उपर्युक्त पद्यांश में किसके बारे में बताया गया है?

२-रस उड़ेल कर गा लेती है से क्या आशय है?

३-विजन से किसको बहुत प्यार है?

४-नीले पंखों वाली से क्या तात्पर्य है?

खंड (ख) व्याकरण

प्रश्न संख्या 3- निर्देशानुसार उत्तर लिखिए । (**६अंक**)

(**क**)- वर्णों के सार्थक मेल को कहते हैं

(**ख**) – लिपि किसे कहते हैं

(ग) – जो शब्दांश शब्द के पहले लगकर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं कहलाते हैं?

(**घ**) – भावार्थ शब्द का संधि विच्छेद कीजिए

च – अध्यापक शब्द के पर्यायवाची लिखें

(खंड ग) पूरक पुस्तक

प्रश्न संख्या 4- बाल राम कथा से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (६अंक)

क) -राजा दशरथ कहां के राजा थे?

ख)-कैकेई ने दो कौन-कौन से वरदान मांगे थे?

ग)-भरत चित्रकूट क्यों गए?

घ)-सोने के हिरन को देखकर सीता ने राम से क्या कहा?

ड़)-सीता का अपहरण किसने किया था?

प्रश्न संख्या 5- पाठ्य पुस्तक वसंत से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (1६अंक)

क)-लेखिका ने अपने बचपन में कौन-कौन सी चीजें मजा ले ले कर खाई उनके नाम लिखें

ख)-केशव ने श्यामा से चिथड़े ,टोकरी और दाना,पानी मंगा कर कार्निस पर क्यों रखे थे

ग)-केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी?

घ)-अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ?

ड़)-पाठ में ऐसा क्यों कहा गया कि अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई?

च)-छोटू को सुरंग में जाने की इजाजत क्यों नहीं थी?

छ)-मां मोहन के ऐसे-ऐसे करने पर क्यों घबरा रही थी ?

ज)-नागराजन के अलबम हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की दशा क्या हुई ?

प्रश्न ६- दिए गए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखें। (६अंक)

१-रंगों का त्योहार होली २- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

प्रश्न ७ – दिए गए चित्र का अपने शब्दों में वर्णन । (६अंक)